खबर संक्षेप

## इको क्लब के अंतर्गत प्रदर्शनी का आयोजन

**मण्डला।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय कला महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा प्रदर्शनी का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती करुणा नेमा के संरक्षण में किया गया। ईको क्लब प्रभारी डॉ विवेक कुमार जायसवाल के निर्देशन में एवं साक्षी चंद्रौल के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने ऊर्जा एवं जल की बचत, सस्टेनेबल खाद्य प्रणाली, एकीकृत कृषि प्रणाली, वाटर हार्वेस्टिंग विषयों को दर्शाते हुए मॉडल प्रदर्शित किये। प्रदर्शनी का अवलोकन डॉ संजय कुशराम अध्यक्ष जिला पंचायत मंडला, नारायण प्रसाद रजक एवं भारत यादव अध्यक्ष जनभागीदारी समिति, ऋतिक हरदहा जनभागीदारी सदस्य, विजय ठाकुर हायर सेकेंडरी स्कूल हवेली ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए मॉडल की प्रशंसा की। मॉडल बनाने में सौरभ पडवार, देवांशी हरदहा, केशव आमवंशी, महिमा हरदहा, पुष्कर परोहा, रीना साहू, नंदनी यादव, आकाश चक्रवर्ती, दुर्गेश पंद्रे, सुहानी यादव, काजल चक्रवर्ती, आरती नंदा का सहयोग रहा।

## उर्वरक बी. एसएसपी अमानक पाए जाने पर क्रय-विक्रय प्रतिबंधित

**मण्डला।** उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग मंडला ने बताया कि उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत उर्वरक बी. एसएसपी, विक्रेता म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित भण्डार केन्द्र नैनपुर के नमूने गुणवत्ता परीक्षण में अमानक पाए जाने के फलस्वरूप संबंधित लॉट व बैच नंबर के उर्वरकों का जिले में क्रय-विक्रय, भंडारण एवं परिवहन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया गया है।

## 27 को होगा उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का सामूहिक आयोजन

# व्यास नारायण मंदिर से प्रारंभ होगी परिक्रमा





* ग्राम घाघा में प्रथम दिन होगा रात्रि विश्राम एवं भजन संध्या।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

पतित पावनी अणत नारिणी माँ नर्मदा जिस स्थान पर उत्तर दिशा में प्रवाहित होती है, उस क्षेत्र को उत्तरवाहिनी क्षेत्र कहते हैं।

स्कंध पुराण, मतस्य पुराण, वायु पुराण, पद्मपुराण और भृगु संहिता में वर्णित रेवाखड के श्लोक में वर्णन आता है कि मार्कण्डेय मुनि जी ने युधिष्ठिर सहित पाण्डवों और कुछ देवताओं को उत्तर दिशा की ओर प्रवाहित हुई नर्मदा जी के स्थानों का महत्व कहा है। चैत्र मास में, उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा करने से सम्पूर्ण परिक्रमा का फल प्राप्त होता है।

पुराणों में वर्णित है जहाँ नर्मदा उत्तरवाहिनी, गंगा पश्चिमवाहिनी और सरस्वती पूर्व वाहिनी होती है, तो वह क्षेत्र धर्मपारायण होता है।

जिस स्थान पर माँ रेवा उत्तर वाहिनी प्रवाहित हुई हो और भगवान विष्णु उत्तराभिमुख हो। वहाँ स्नान करने से विष्णुलोक की प्राप्ति होती है।

यही कारण है कि चैत्र माह में माँ नर्मदा की उत्तरवाहिनी परिक्रमा की जाती है हमारे नगर को भी माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है कि माँ नर्मदा महाराजपुर संगम से घाघी घाट तक उत्तरवाहिनी प्रवाहित हैं। इनकी परिक्रमा करने के लिये किले घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में संकल्प पूजा के बाद तट परिवर्तन कर परिक्रमावासी महाराजपुर संगम आते हैं और यहां से मंग्लेश्वर मंदिर होते हुये कारीकोन के रास्ते मानादेई, सुरंगदेवरी, सिलपुरा होते हुये घाघी घाट पहुंचते हैं जहां से तट परिवर्तन कर बबैहा और फिर ग्वारी, फूलसागर, आमाटोला, तिंदनी, कटरा होते हुये नगर में प्रवेश करते हैं और व्यास नारायण मंदिर में जल चढ़ाकर अपनी परिक्रमा पूर्ण करते हैं।

इस सामूहिक नर्मदा परिक्रमा में चूंकि नर्मदा भक्तों की संख्या ज्यादा होने की संभावना व्यक्त की जा रही है लिहाजा सुरक्षा की दृष्टिकोण से युवा नर्मदा भक्त व्यास नारायण मंदिर में संकल्प पूजा के बाद झूलापुल होते हुये रामबाग, सकवाह के माध्यम से पुरवा पुल से महाराजपुर संगम पहुंचेंगे जहां पर सभी परिक्रमावासियों के लिये बालभोग की व्यवस्था की गई है बालभोग के उपरांत सभी परिक्रमावासी एक साथ मंगलेश्वर मंदिर वाले मार्ग से होते हुये कारीकोन तिराहा पहुंचेंगे और फिर इसी मार्ग से मानादेई, सुरंगदेवरी होते हुये परिक्रमा सिलपुरा स्थित कोठी घाट आश्रम पहुंचेगी जहां पर दोपहर के भोजन की व्यवस्थ की गई है। भोजन के बाद यहां से परिक्रमा घाघा ग्राम तक जायेगी जहां पर कि रात्रि विश्राम होगा शाम को संध्या वंदन के बाद नर्मदा आरती की जायेगी और फिर रात्रि का भोजन होगा और भोजन उपरांत पुनः संगीत संध्या का आयोजन किया जायेगा। परिक्रमा में शामिल कुछ लोग शाम को ही तट परिवर्तन कर ग्वारी पहुंच जायेंगे और ये भक्तगण ग्वारी में ही माँ नर्मदा की संध्या आरती का आयोजन करेंगे और फिर दूसरे दिन 28 मार्च को यह परिक्रमा यात्रा फूलसागर, तिंदनी होते हुये मण्डला नगर में प्रवेश करेगी और फिर व्यास नारायण मंदिर पहुंचकर परिक्रमा संपन्न





## गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आदिवासी न्याय आंदोलन कर राज्यपाल के नाम दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर आदिवासी न्याय आंदोलन करते हुए राज्यपाल के नाम मंडला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा हैं। इस दौरान गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संभाग व जिले के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजी कमलेश तेकाम ने बताया कि विगत दिनों जिले के कान्हा क्षेत्र में हुई दुखद पुलिसिया घटनाक्रम में निर्दोष हीरन सिंह परते जाति बैगा की मौत से न सिर्फ स्थानीय बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के आदिवासी समाज में सरकार और पुलिस और सरकार के प्रति रोष व्याप्त है। घटना के बाद से पूरे प्रदेश के बनाचल में रहने वाले आदिवासी जाति और जनजाति के लोगों में दहशत व्याप्त है। आदिवासियों को सरकार की साजिश का अनुमान हो रहा है कि सरकार जंगलों के आसपास रहने वाले आदिवासियों को नक्सली बताकर मुठभेड़ में मारकर समाज को हराना चाहती है जिससे लोग इन क्षेत्रों से पलायन कर जाये और फिर सरकार बनों के निजीकरण पर जो विचार कर रही है उसे साकार करते हुए इन वनों को पूंजीपतियों को आसानी से सौंप सकें। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी प्रदेश के आदिवासी समाज के लिए संघर्ष करने वाली पार्टी है। पार्टी ने उक्त घटना पर पहले भी जिला प्रशासन को ज्ञापन देकर घटना की जांच मांग की थी किंतु प्रशासन द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है। अतः आपसे अनुरोध है कि आप निम्न बिदुओं पर विचार करते हुए मामले में निष्पक्ष कार्यवाही की मांग है कान्हा नेशनल पार्क जिला मण्डला में 9 मार्च 2025 को फर्जी नक्सली एनकाउंटर में हीरनसिंह परते बैगा निवासी ससरे टोला, बटिया को पुलिस ने मार गिराने का दावा किया था। किंतु उसकी नक्सली गतिविधियों, संगठन, शामिल होने का समय अन्य घटनाओं में शामिल होने का ब्यौरा आदि का कोई विवरण पुलिस ने नहीं बताया है। जिससे स्पष्ट है कि उक्त बैगा आदिवासी नक्सली नहीं था इसकी किसी भी गतिविधि का पुलिस को पता नहीं था। घटना के बाद प्रशासन ने मृतक के परिवार को 10 लाख रुपए मुआवजा राशि देकर यह बात स्पष्ट कर दी है कि मृत व्यक्ति नक्सली नहीं था। किंतु फिर भी सरकार फर्जी मुठभेड़ को स्वीकार नहीं कर रही है न ही दोषी अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई है। मृतक व्यक्ति बैगा जनजाति का जिन्हें सरकार ने राष्ट्रीय मानव घोषित किया है। निर्दोष राष्ट्रीय मानव की पुलिसिया कार्यवाही में हत्या होना सर्वनाक घटना है अतः गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सीबीआई जांच की मांग करती है। पुलिस ने फर्जी एकाउंटर कान्हा नेशनल पार्क के पास किया है जो कि विश्वविख्यात स्थान है और यहां देश के अलावा विदेशी पर्यटक भी आते है। यदि माओवादियों के इस क्षेत्र में होने की बात की पुलिस अपने बचाव में प्रस्तुत करती है। तो यहां भय के कारण पर्यटकों के आने में कमी आएगी। जिससे पूरे जिले में रोजगार के अवसरों और कारोबार पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

## महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ



**मण्डला।** महिला एवं बाल विकास परियोजना मंडला द्वारा शासन की मनसा अनुसार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास के निर्देशन पर पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 25 मार्च 2025 से प्रारंभ किया गया, यह प्रशिक्षण टाउन हॉल मंडला, डाइट प्रशिक्षण हाल ,एवं आर डी कॉलेज के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया जा रहा है प्रशिक्षण में परियोजना मण्डला अंतर्गत संचालित सभी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं प्रशिक्षण निपसीड द्वारा प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं अन्य विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा है पोषण भी पढ़ाई भी सक्षम आंगनबाड़ी और मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत एक कार्यक्रम है जो महिला एवं बाल विकास मंत्रालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत विकास के प्रमुख क्षेत्र में अपने कौशल निर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए 6 साल से कम उम्र के सभी बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है इसमें मुख्य रूप से शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक, संचार, भाषा, साक्षरता और संख्यात्मक विकास सम्मिलित हैं पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से शुरू किया गया है यह कार्यक्रम आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता निर्माण की प्रक्रिया, परिकल्पना ,आंगनबाड़ी को उच्च गुणवत्ता वाले बुनियादी ढांचे खेल उपकरण और प्रशिक्षित कार्यकर्ताओं के साथ शिक्षण केंद्र में बदलने की दिशा में एक कदम है इसका उद्देश्य नव चेतना यानी 0 से 3 वर्ष आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन और दिव्यांग बच्चों सहित 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए प्रारंभिक देखभाल को बढ़ावा देना है यह नव चेतना और आधारशिला के अंतर्गत है आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की क्षमता को बुनियादी समझ विकसित करना आँगन वारी केंद्र को सक्षम बनाना, नवाचार पोषण ट्रैक्टर भोजन प्रथाओं कुपोषण प्रबंधन आदि के बारे में प्रशिक्षित करना है।

## ग्राम मोहगांव में आयोजित हुआ वाटरशेड यात्रा अभियान का कार्यक्रम



**मण्डला।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना के तहत परियोजना क्रमांक 2 जनपद पंचायत निवास जिला मंडला में चल रहे वाटरशेड यात्रा अभियान का भव्य समारोह कस्टम हायरिंग सेंटर ग्राम मोहगांव में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जनपद अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, जनपद उपाध्यक्ष श्री घनश्याम सूर्यवंशी, जनपद सदस्य श्री क्रांति सिंह मार्को, श्रीमती अंजनी वरकड़े, ग्राम पंचायत सरपंच मोहगांव, हिरनाछापर बम्हनी माल, जवेधा माल, पद्दीकोना माल, मसूर घुघरी एवं समस्त जन प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। वाटरशेड थीम सांग लॉन्चिंग के लिए श्री श्याम बैरागी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत कलश यात्रा निकालकर की गई इसके पश्चात मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सभी सदस्यों द्वारा पानी रोको अभियान में ग्रामवासियों को जुड़ने का सन्देश दिया गया एवं इसके फायदे समझाए गए। मंच का संचालन जिला परियोजना अधिकारी श्री उमेश कुमार सिंगरौरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

**आयोजन** | विकसित भारत युवा संसद जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन।

# एक देश एक चुनाव के पक्ष में रखे विचार

* युवाओं ने प्रगट किये अपने-अपने विचार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित 2047 के विकसित भारत विजन में युवा वर्ग की सहभागिता के दृष्टिगत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मण्डला में 22 एवं 23 मार्च 2025 को विकसित भारत युवा संसद जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विषय था '' एक देष एक चुनाव '' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ.संजय कुषराम जिला पंचायत अध्यक्ष मण्डला ने कहा कि हमारा देष विष्व में सबसे बड़ा लोकतांत्र वाला विकासषील देष है इसे विकसित देष बनाने के लिये एक देष एक चुनाव आवश्यक है। इससे आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी, बार-बार चुनाव में होने वाले खर्च में कमी होगी। मुख्य अतिथि रजत सकलेचा पुलिस अधीक्षक मण्डला ने अपने उद्बोधन में युवाओं को प्रतियागिता के माध्यम से संसद तक पहुंचकर विचार रखने और नोडल मण्डला का नाम रोशन करने के लिये प्रेरित किया। ज्ञात हो कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये युवाओं को पंजीयन के उपरांत विकसित भारत विषय पर वीडियो को अपलोड करना था। जिसके तहत भारत के पूरे जिले से मण्डला का तृतीय स्थान रहा तथा मध्यप्रदेष में हुए कुल पंजीयन एवं वीडियो अपलोडिंग में से मण्डला जिला ने 1403 की संख्या में वीडियो अपलोड कर प्रथम स्थान का गौरव हासिल किया। स्क्रीनिंग के पष्चात 150 प्रतिभागियों का चयन किया गया था।

प्राचार्य डॉ. अनिल गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डिण्डौरी, बालाघाट एवं नोडल मण्डला इन तीन जिलों के युवा शामिल होकर विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। जूरी मेमबर के रूप में उपस्थित डॉ.संजय कुषराम, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. टी.पी. मिश्रा और आषुतोष महादेव ठाकुर द्वारा श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 युवाओं का चयन किया गया जिन्हें राज्यस्तर की प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में विषिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित चंद्रषेखर निखारे अध्यक्ष जनभागीदारी, अमन अग्रवाल सांसद प्रतिनिधि एवं जयदत्त झा जनप्रतिनिधि ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य ने मण्डला की गौरवगाथा के अनुरूप राष्ट्रीय क्षितिज पर जिले का नाम रोषन करने के लिये चयनित युवाओं को प्रेरित किया। स्वागत भाषण डॉ.टी.पी.मिश्रा एवं प्रतिवेदन का वाचन डॉ.पी.एल.झारिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.सियाशरण ज्योतिषी, डॉ. सीमा धुर्वे, डॉ.संतोष गुजरे एवं डॉ. एस.के. श्रीवास्तव द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी प्रो. अरविंद ठाकुर, डॉ. बी.टेंभरे, डॉ.गुलबहार खान, डॉ. अनीता झारिया, डॉ. एस.आर. बघेल, डॉ. अंकिता बिसेन ने बैज लगाकर एवं पौधे भेंट कर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की सहभागिता रही।

## जिला सहकारी बैंक की प्रशासन एवं ऋण समिति की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला सहकारी बैंक की प्रशासक समिति एवं ऋण समिति की बैठक कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने प्रशासक समिति के वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अल्पकालिक कृषि ऋण, अपेक्स बैंक के खाते, उर्वरक क्रय, टैक्स ऑडिट, इनकम टैक्स, जीएसटी, शाखाओं की कैशलिमिट निर्धारण, सीआरआर-एसएलआर संधारण, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स का छःमाही अनुबंध नवीनीकरण, साईबर सिक्योरिटी आदि विषयों पर जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसी प्रकार लोन कमेटी के अल्पकालीन कृषि ऋण हेतु शाखाओं की साख सीमा निर्धारण, पशुपालकों के ऋण प्रकरण, व्यक्तिगत ऋण प्रकरण, आदिम जाति सेवा समितियों की खाद-बीज के लिमिट निर्धारण, माईक्रो एटीएम के माध्यम से कृषकों को आहरण की सुविधा जैसे विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितियों के ऑडिट के संबंध में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमानुसार सभी साख समितियों के अंकेक्षण कराएं।

खबर संक्षेप

## अवकाश के दिनों में खुला रहेगा नगर पालिका कार्यालय



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस समय नगर पालिका में जिस तरह अपने राजस्व की बसूली को लेकर मुहिम चलाई जा रही है कि यदि इन करों के बकायादारों द्वारा 31 मार्च तक अपनी राशि जमा नही की गई तो वह दुगनी हो जावेगी। इसी के चलते जलकर एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारी के आन लाईन माध्यम से भुगतान करने पर मात्र अधिभार में छूट को लेकर राजस्व निरीक्षक राजीव लोचन कटारे द्वारा बताया गया हे कि मध्य प्रदेश शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग भोपाल से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 25 मार्च 2025 से 31 मार्च 2025 तक संपत्तिकर, जलकर एवं अन्य उपभोक्ता प्रभार की राशि का भुगतान करने पर बकाया राशि में मात्र अधिभार में छूट प्राप्त होगी। प्रभारी बसूली अधिकारी योगेन्द्र ढमोले द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि सभी नागरिक शासन की योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाना हमारी प्राथमिकता है। इसी के चलते इस बसूली में संलग्न समस्त कर्मचारी अवकाश के दिनों में भी कार्यालय में मौजूद रहेते हुये मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख के नेतृत्व में कार्य संपादित करेगे। वही मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख ने जानकारी देते हुये बताया कि आवासीय संपत्ति का वर्तमान वर्ष का संपत्तिकर भुगतान करने पर नयुमानुसार 50 प्रतिशत की छूट हेतु अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। इसी के चलते हमारा प्रयास है कि शासन की इस योजना का लाभ अधिक लोगों दिलाने में हमारी नगर पालिका परिषद की टीम अहिम भूमिका निभा सके।

## नया बस स्टैंड बाबली पर रोजाना हो रहा रोजा इफ्तार, शामिल हुए नपा अध्यक्ष मिश्रा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** चल रहे रमजान के महीने रोज रखना जितना सबाब का काम है उतना ही सबाब रोजा इफ्तार कराने में है। सामूहिक रोजा इफ्तार का खूब सूरत नजारा नए बस स्टैंड बाबली अखाड़ा दरगाह परिसर में देखने काबिल है। बताया जाता है कि नगर की दरगाह परिसर में लगातार रोजा इफ्तार कार्यक्रम नोजवान कमेटी द्वारा कराया जा रहा है। बीते हुये रविवार को इफ्तार पार्टी में नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रीतेश राय, सुनील ठाकुर,पूर्व नपा उपाध्यक्ष व पार्षद कमल खटीक, शुभम राजपूत, मुन्ना कुशवाहा, श्याम वैष्णव, सुनील शर्मा, संजय गुप्ता मेडिकल, शैलेंद्र महाराज, जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, अब्दुल फिरोज खान, आजम खान आदि ने शामिल होकर बाबली दरगाह शरीफ परिसर में रोजाना किऐ जा रहे इफ्तार कार्यक्रम की तारीफ की । नपा अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा ने कहा कि रोजा उपवास करना ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा व भक्ति का प्रतीक है बाबली के युवाओं ने इफ्तार पार्टी कार्यक्रम कर एक अच्छा संदेश दिया है। नपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सर्वहारा वर्ग के हितों को ध्यान रखकर विकास को प्राथमिकता दे रही है ।

## पॉलीथिन पर शासन का प्रतिबंध दिखाई दे रहा बेअसर, खुलेआम हो रहा उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां प्रशासन द्वारा पॉलीथिन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाते हुये नगर पालिकाओं से लेकर नगर पंचायतों को उपयोग करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश भी जारी किये गये थें। मगर वह आदेश नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों द्वारा मात्र अखबारों में ईश्हार निकलवाने तक की कार्यवाही करते हुये अपनी खाना पूर्ति करते हुये नजर अंदाज करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है और इसी का परिणाम है कि शासन का आदेश इस समय लगातार हो रहे पॉलिथिन के उपयोग पर बेअसर दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही है कि लोगों द्वारा पॉलीथिन का उपयोग करने में सिर्फ सब्जी भांजी ही नही रखी जा रही बल्कि गर्म चाय तक अब पॉलीथिनों में रखते हुये जहां तहां पहुंचाई जाने लगी है, जिसके चलते किसी भी पॉलीथिन में रखी हुई गर्म वस्तु जहरीली होने से नही बच पाती है।

# महाविद्यालय फीस घोटाले की जांच बनी चर्चा का विषय, कही बड़े प्रभाव के चलते मगरमच्छ को बचाने के लिये मछली के शिकार की औपचारिकता तो नहीं..? गफलतबाजी की सच्चाई पर प्राचार्य से शिकायत करने वाले कर्मचारी को सलाखों के पीछे पहुंचाने पर खड़े हो रहे सवाल...











**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के महाविद्यालय में हुये फीस घोटाल में भले ही प्राचार्य की शिकायत पर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कराते हुये निजी साइबर कैफे के संचालक वैभव जैन को गिरप्तार करने के साथ सह आरोपी के रूप में महाविद्यालय में पदस्थ कर्मचारी सहायक ग्रेड 2 वीरेन्द्र पवार को जिस तरह गिरप्तार करते हुये जेल भेजे जाने के बाद यह मामला लगातार तूल पकड़ते हुये दिखाई देने लगा है..? क्योंकि वीरेन्द्र पवार की गिरप्तार के चलते जहां महाविद्यालय के प्रोफेसरों सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा जांच पर संदेह व्यक्त करते हुये निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुये कहा जा रहा है कि इस फीस घोटाले की सच्चाई को उजागर वीरेन्द्र पवार द्वारा की किया गया है और वही आरोपी कैसे हो सकता है...? बीते हुये दिवस महाविद्यालय के प्रोफेसरों सहित अन्य कर्मचारियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी के नाम सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 22 मार्च 2025 को महाराणा प्रताप शासकीय

स्नात्कोत्तर महाविद्यालय गाडरवारा में कार्यरत वीरेन्द्र कुमार पवार सहायक ग्रेड 3 को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया गया है। वही मामले को लेकर प्रशासन द्वारा जानकारी प्रदान की गई है कि इस मामले का मुख्य आरोपी वैभव जैन जिसके द्वारा एक निजी साइबर कैफे का संचालन किया जा रहा है उसके द्वारा कालेज के छात्रों को नकली रसीद प्रदान की गई एवं छात्रों की फीस के पैसों का गबन किया गया। उक्त आरोपी वैभव जैन के मौखिक कथन पर वीरेन्द्र पवार को पुलिस ने अभिरक्षा में लिया गया है। जबकि पूर्व से ही वीरेन्द्र पवार द्वारा उक्त आरोपी की शिकायत लगातार की जा रही थी। इस तरह वीरेन्द्र पवार द्वारा की गई उक्त शिकायतों के चलते द्वेष भावना के चलते वैभव जैन द्वारा झूठा फंसाया जा रहा है। इस तरह महाविद्यालय के प्रोफेसरों सहित कर्मचारियों द्वारा फीस घोटाला मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुसे वीरेन्द्र कुमार पवार द्वारा की गई शिकायतों की पावती भी मिडिया को प्रदान की गई है जो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल होते हुये देखी जा रही है। इस तरह नगर के महाविद्यालय में बच्चों की प्रवेश तथा छात्रवृति फीस में हुये घोटाले की सच्चाई पर गौर किया जावे तो बीते हुये 17 मार्च को महाविद्यालय प्राचार्य अखिलेश पिता रतन चंद जैन की शिकायत पर पुलिस द्वारा आरोपी वैभव पिता बसंत कुमार जैन निवासी शिवाजी वार्ड गाडरवारा अरिहंत आन लाईन सर्विस के संचालक पर मामला कायम करते हुये गिरपतार किया गया है। इस संबंध में पुलिस द्वारा बीते हुये 21 मार्च को जारी की गई प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया गया था कि महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा पुलिस थाना प्रभारी सहित अन्य अधिकारियों के नाम एक आवेदन देते हुये बताया कि अरिहंत ऑन लाईन सर्विस के संचालक वैभव जैन पिता बसंत जैन द्वारा क्षेत्र में अरिहंत साइबर कैफे का संचालन किया जाता है। जिसके चलते उसके द्वारा पीजी कॉलेज गाडरवारा के छात्र-छात्राओं के द्वारा उसके साइबर कैफे के माध्यम से जमा किए जाने वाली फीस एवं छात्रवृत्ति की राशि मैं धोखाधड़ी कर मात्र 1 रूपया फीस पीजी कॉलेज के खाते में जमा की जाकर क्यूआर कोड जनरेट किया जाकर शेष राशि हड़प लेता है। वही छात्र छात्राओं को पूरी फीस की फर्जी तौर से तैयार की गई रसीद प्रदान की जाती है। जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलबाड़ की जा रही है दूसरी ओर सरकारी राशि में भी हेराफेरी की जा रही है। इस प्रकार उसके द्वारा पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं के साथ धोखाधड़ी कर उनकी फीस की कुल राशि 2,18,049 का गवन करते हुये धोखा धडी की गई है। इस तरह प्राचार्य की शिकायत को लेकर जांच शुरू की गई। वही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राये द्वारा भरे गये एडमीशन फीस व छात्रवृति फार्मो की रसीद के संबंध में छात्र छात्राओं के कथन लिये गये जिसमें मुख्य रूप से छात्र छात्राओं द्वारा पुलिस को साईबर कैपे के संचालक द्वारा फार्म भरने के दौरान प्रदान की गई रसीदे दिखाई गई। वही छात्र छात्राओं ने पुलिस को अपने कथनों में आरोप लगाते हुये बताया कि अरिहंत ऑनलाइन सर्विस के संचालक वैभव जैन के द्वारा पी.जी.कलेज गाडरवारा के हम छात्र छात्राओं से कालेज में जमा करने वाली फीस की राशि लेकर उक्त राशि में से मात्र 1 /- रुपये पी.जी. कलेज गाडरवारा / शासन के विभिन्न खातो में जमा कर क्यू.आर कोड जनरेट कर हम छात्र एंव छात्राओं छात्रवृत्ति की कालेज फीस जमा करने की फर्जी रशीद प्रदान की गयी है तथा हम छात्र एंव छात्राओ से प्राप्त की गयी फीस एंव छात्रवृत्ति की राशि का धौखाधड़ी पूर्वक अरिहंत ऑनलाइन सर्विस वैभव जैन के संचालक वैभव जैन द्वारा उक्त राशि का गवन किया गया है। इस तरह प्राप्त हुई शिकायत के चलते पुलिस ने तत्काल कार्यवाही करते हुये मामले में आरोपी वैभव जैन के खिलाफ धारा - 318 (3), 336 (3), 338 बीएनएस के तहत मामला कायम करते हुये आरोपी को गिरप्ता करते हुये मा.न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद रिमार्ड पर लेकर आगे की पूछताछ की जा रही है। इसके बाद पुलिस द्वारा दूसरे दिवस यानि की 22 मार्च को फिर एक प्रेस नोट जारी करते हुये इस बात का खुलासा किया कि महाविद्यालय फीस घोटाले की जांच में गिरप्तार के गये आरोपी वैभव जैन से पूछताछ करने पर यह बात सामने आई पाये गये साक्ष्यों के आधार पर पी.जी.कॉलेज गाडरवारा के छात्रवृत्ति एवं शुल्क लिपिक वीरेन्द्र कुमार पवार पिता राम भरोसे पवार उम्र 36 वर्ष निवासी खनूजा कॉलोनी गाडरवारा को धोखाधड़ी एवं अपराध में सहयोग प्रदान किया गया है। इसी के चलते बीते हुये दिवस दूसरे आरोपी यानि की लिपिक वीरेन्द्र पावर को भी पुलिस द्वारा गिरप्तार करते हुये मा.न्यायालय ज्यूडिशियल रिमाँड पर प्रस्तुत किया है जेल भेजा गया। इस तरह पुलिस द्वारा महाविद्यालय में हुये फीस घोटाले में प्राचार्य की शिकायत पर अरिहंत आन लाईन सर्विस के संचालक वैभव जैन के खिलाफ मामला कायम करते हुये गिरपतार किया गया इसके बाद वैभव जैन द्वारा दिये गये कथनों के आधार पर महाविद्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 वीरेन्द्र कुमार पवार को सह आरोपी बनाते हुये गिरप्तार किया गया। इस बात का उल्लेख पुलिस द्वारा जारी के किये प्रेस नोट में ही है। इस तरह वैभव जैन की गिरप्तार के बाद जांच में वीरेन्द्र कुमार पवार को जिस तरह पुलिस द्वारा आरोपी बनाया गया है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जांच प्रक्रिया कटघरे में खड़े होते हुये प्रतीत होते हुये जान पड़ रही है..? क्योंकि महाविद्यालय के प्रोफेसरों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी को सौपे गये ज्ञापन में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि महाविद्यालय में हुये फीस घोटाले की सच्चाई वीरेन्द्र कुमार पवार द्वारा उजागर की गई तथा उसके द्वारा इस मामले में की गई शिकायतों की पावती भी मीडिया के समक्ष प्रस्तुत की गई जो लगातार सोशल मीडिया पर वायरल होने के चलते लोगों के दिलों दिमांग में यह बात का संदेह पैदा करने से नही चूक रही है कि जब वीरेन्द्र पावर द्वारा आज से सात माह पहले ही इस मामले की शिकायत की गई थी तो उस समय जांच न करते हुये इस मामले को सात माह तक ठंडे वस्ते में रखते हुये शिकायत करने वाला ही आरोपी कैसे हो सकता है...? आमजन में चर्चा होते हुये सुनी जा रही है कि कही ऐसा तो नही इस मामले में किसी बडे प्रभाव के चलते मगरमच्छ को बचाने के लिये सिर्फ मछलियों का शिकार करते हुये जांच के नाम पर औपचारिकता निभाई जा रही हो..? खैर सच्चाई जो भी हो उसे भगवान व जांच अधिकारी ही जाने। मगर महाविद्यालय फीस घोटाला इस तरह सामने आ रही सच्चाई के चलते बडे स्तर की ओर अग्रसर होते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है..? इस तरह मामले में सह आरोपी के रूप में जेल पहुंचे वीरेन्द्र पवर द्वारा पूर्व में की गई शिकायत संबंधी जो पावती सोशल मीडिया पर वारयल होते हुये देखी जा रही है उनकी सच्चाई पर नजर डाली जावे तो महाविद्यालय में पदस्थ छात्रवृति नोडल प्रभारी नीरज बलाही तथा वीरेन्द्र कुमार सहायक ग्रेड 3 द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को 27 सितम्बर 2024 में की गई शिकायत में उल्लेख किया गया है कि शासन के नियम अनुसार छात्रवृति की अधिक भुगतान की राशि रिकवरी व बसूली हेतु सभी संबंधित छात्रों को नोटिस दिया गया है। जिसमें रिकवरी व बसूली की जाने वाली राशि का उल्लेख है। परन्तु संज्ञान में आया है कि अरिहंत एम पी आन लाईन सर्विस बोदरी नाका गाडरवारा द्वारा जमा किये गये अधिकत्तर चालानों में छेड़छाड़ कर मात्र 1 रूपया जमा किये गये है जिससे शासन को राज्व की क्षति हुई। इसके बाद वीरेन्द्र कुमार पवार द्वारा महाविद्यालय को इस घोटाले के संबंध में पुनः 25 जनवरी 2025 को पत्र लिखते हुये अवगत कराया गया था कि महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की प्रवेश शुल्क आन लाईन कैफे के द्वारा जमा की जा रही है। जिसमें कुछ ऑन लाइन कैफे द्वारा छात्रों की अध्ययनरत कक्षा की निर्धारित शुल्क की राशि लेकर उन्हें रसीद के साथ छेड़ छाड़ कर निर्धारित शुल्क एवं कैफे की सील अंकित कर प्रदान की जा रही है। जिसका महाविद्यालय के बैंक स्टेटमेन्ट से मिलान करने पर निर्धारत राशि बैक खाते में जमा नही है। इस के कुछ नमूने भी शिकायत के साथ प्रदान किये गये थें। वही शिकायत में इस बात की संभावना भी व्यक्त की गई थी कि यह कृत कई वर्षो से चलने का अनुमान है? इसके बाद सहायक ग्रेड 3 वीरेन्द्र कुमार पवार द्वारा 12 मार्च 2025 को महाविद्यालय प्राचार्य को एक पत्र देते हुये इस बात को खुलासा किया गया था कि छात्रवृति की अधिक भुगतान की लेखा शीर्ष में बसूली चालानों में कैफे वालों द्वारा छेडछाड कर निर्धारित रिकवरी राशि के स्थान पर मात्र 1 रूपया जमा किये जा रहे है। इस बात से मेरे द्वारा आपके संज्ञान में बीते हुये 26 दिसतम्बर 2024 के द्वारा पूर्व में ही आवश्यक कार्यवाही हेतु जानकारी प्रदान की गई जिसमें लगभग दो से तीन लाख रूपया का गवन होने की संभावना है वही नमूना के तौर पर वीरेन्द्र पवार द्वारा अरिहंत कैफे की सील लगी की पावती प्रदान करने का उल्लेख किया था। मगर इसके बाद यह मामला सात माह तक ठंडे वस्ते में पड़ा रहने के बाद जिस तरह मार्च माह में भयानक रूप लेकर सामने आया तो विकराल होने के साथ साथ चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है। वही दूसरी ओर मामले की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब वीरेन्द्र पवार द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य सहित अन्य लोगों को इस सच्चाई से सात माह पहले ही अवगत कराया जा सकता है तो फिर कार्यवाही में इतनी देरी होने का मतलब सबालों को जन्म देने से नही चूक रहा है..? क्योंकि पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले में भी इस बात का उल्लेख है कि प्राचार्य द्वारा वीरेन्द्र पवार द्वारा की गई सितम्बर माह की शिकायत को नजर अदांज किया गया है। क्योंकि पुलिस द्वारा दर्ज किये गये मामले में प्राचार्य द्वारा दिये गये आवेदन पत्र को उल्लेखित किया गया है कि इस कार्यालय का पत्र क 141/2025 गाडरवारा दिनांक 27/01/2025,-00-उपर्युक्त विषयातर्गत संदर्भित पत्र द्वारा आपसे अरिहन्त ऑनलाईन सर्विस बोदरी नाका गाडरवारा द्वारा विद्यार्थियों से पैसे लेकर फर्जी रसीद प्रदान की जा रही है. के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया था। मगर आज दिनांक तक की गई कार्यवाही का विवरण अप्राप्त है।,पुनः दिनांक 13.03.2025 को प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार इसी साइवर संचालक के द्वारा इसी प्रकार की गतिविधियों में संलिप्ता पाई गई है। जो अभी भी लगातार ऐसी फर्जी रसीद बनाकर फजी सील लगाकर विद्यार्थियों से पैसे लेने में लगा है। जच प्रतिवेदन व नमूना फीस रसीद भी पूर्व में आपको भेजी जा चुकी है।,अतः आपसे निवेदन है कि उक्त साइबर कैफेके संचालक के विरुद्ध अतिशीघ्र कार्यवाही करने का कष्ट करें। इस तरह फीस घोटाले में सह आरोपी बनाते हुये जेल भेजे गये वीरेन्द्र पवार द्वारा प्राचार्य को दिये गये आवेदन जो सोसल मीडिया पर वारयल होते हुये देखे जा रहे है। उनके अनुसार इस फीस घोटाले का खुलासा करने वाले वीरेन्द्र ही पवार दिखाई दे रहा है। यह आम बात मानी जा सकती है कि जब कोई व्यक्ति किसी की शिकायत करता है तो निश्चित तौर से उसके दिल में बदलने की भावना पैदा होना स्वभाविक मानी जा सकती है। मगर इसके बाद भी मामले को खुलासा करने वाली व्यक्ति ही जिस तरह जेल की सलाखों के पीछे देखा जा रहा है। वह सच्चाई निश्चित तौर से जहां महाविद्यालय प्रबंधन की भूमिका को कटघरे में खड़ा करने में कोई कसर नही छोड़ रही है..? इस मामले की सच्चाई उजागर होने के बाद लोगों को यह चर्चा करते हुये सुना जाने लगा है कि फीस मामला तो ठीक ठाक है। जब शिकायत होने के बाद भी महाविद्यालय इस पर कार्यवाही नही कर पाया तो महाविद्यालय में विकास के नाम पर खर्च हुये करोड़ो की राशि की यदि निष्ठा के साथ जांच हुई तो चौकाने वाली सच्चाई सामने आने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है..?

## साहू समाज द्वारा धूमधाम के साथ मनाई कर्मा जयंती निकाली गई भव्य कलाश





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** साहू समाज की आराध्य देवी माँ कर्माजी की जयंती साहू समाज द्वारा हर वर्ष बडे ही धूमधाम के साथ मनाई जाती है। इसी प्रकार से नगर में साहू समाज द्वारा माँ कर्माजी की जयंती के मौके पर अनेक प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते हुये वाहन रैली के आलवा नगर के साहू मंदिर से सुबह भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई जो शिवालय चौक होते हुये सब्जी मंडी से निकलकर पुरानी गल्ला मंडी, झंडाचौक, चौकी मुहल्ला से होते हुये चावडी मार्ग से निकलकर महावीर भवन पहुंची जहां पर लोगों द्वारा माँ कर्माजी का पूजन किया गया। इसके बाद श्याम टाकीज मार्ग से होते हुये गणेश मंदिर पहुंचने पर इस दौरान साहू युवा संगठन व साहू महिला मंडल एवं साहू समाज सहित साहू समाज सार्वजनिक समिति द्वारा माँ कर्माजी की1009 वी जयंती पर नगर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि श्री देव गणेश साहू मंदिर में सुबह कलश स्थापना बडे ही विधि विधान के साथ की गई उसके पश्चात झंडा चौक पर सार्वजनिक साहू समाज समिति द्वारा व युवा संगठन द्वारा मां कर्मा का पूजन किया गया। वही दूसरी ओर समाज के युवा संगठन द्वारा विशाल वाहन रैली निकाली गई जिसमें ढोल ढमाकों के साथ युवाओं द्वारा माँ कर्माजी के नारे लगाते हुये नगर की गालियों को धर्ममय बनाने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। वही युवाओं द्वारा निकाली गई यह वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गों पर होते गुजरी। वही युवा संगठन, साहू समाज एवं महिला मंडल के माध्यम से अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। तथा नगर के सुखदेव भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम ब भंडारा(प्रसादी)कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस तरह दिन भर आयोजित किये गये धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान साहू समाज के सदस्यों,युवा संगठन, महिला मंडल ने अपनी उपस्थिति देते हुये कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया गया।

## शिक्षा विभाग के सभी मापदंडों को दरकिनार करते हुये खुल रही निजी शिक्षण संस्थाओं ने अभिभावकों को लुभाने कर दी शुरूआत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



म.प्र.सरकार गांवों के शासकीय स्कूलों में बेहतर सुविधाएं देकर बच्चों को उनमें अध्ययन करने के लिए आकर्षित कर रही है, मगर जिन शासकीय शालाओं में शिक्षक नहीं है, उनमें योग्य शिक्षक, अतिथि शिक्षक, संविदा शिक्षक भेजे जा रहे है, बच्चियों को गणवेश से लेकर साईकिलों के साथ साथ छात्रवृति सहित भोजन व निःशुल्क पुस्तके भी दी जा रही हैं। किन्तु आश्चर्य का विषय है कि शहर के तरह ग्रामों के अभिभावकों पर भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ाने का जिस प्रकार से जुनून छा रहा है, उसका नतीजा है कि गांवों में भी अब अंग्रेजी माध्यम की धड़ल्ले से निजी शालाएं खुलती चली जा रही है जहां पर खुलेआम शासन द्वारा निर्धारित किये गये मापदंडो को दर किनारे करते हुए मनमानी फीस बसूली जा रही है। जहां पर अक्सर देखा जाता है कि जब शिक्षा शत्र की शुरूआत होती है तो प्रवेश लेने वाले बच्चों को सीट फुल होने का भय दिखाते हुए अधिक डोनेशन प्राप्त करने का फंडा अपनाया जाता है? जिसके चलते देखा जा रहा है कि बीते हुये एक अप्रैल से नये शिक्षा सत्र की शुरूआत हो चुकी है, जिसके चलते गांव गांव शिक्षा विभाग के सभी मापदंडों को दर किनार करते हुये गांव गांव किराना दुकानों की तरह खुल रही शिक्षण संस्थाओं द्वारा जहां तहां बैनर पोस्टर लगाते हुये अभिभावकों को लुभाने की शुरू कर भी करने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है? क्योंकि शिक्षा विभाग के आदेश का परिपालन करते हुये गांवों से लेकर शहरों में संचालित होने वाली शिक्षण संस्थाओं की गिनती की जावे तो बड़ी मुश्किलों के बीच चंद स्कूल ही देखने मिल पायेगे? मगर हैरत की बात है कि अंग्रेजियत में डूबी इन निजी शालाओं की फीस महंगी तो होती ही है इसके अलावा इनमें पढ़ने वाले बच्चों से डोनेशन और अन्य मदों में राशि की बसूली कर अभिभावकों को आर्थिक शोषण किया जाता है? अनेक निजी शालाएं तो ऐसी भी रहती है जो स्थापना के निर्धारित माप दंडों पर खरी नहीं होती, इनके पास न तो व्यवस्थित खेल मैदान होता और न ही पुस्तकालय, प्रयोग शालाा तथा अन्य सुविधाएं रहती है, वही पढ़ाने वाले शिक्षको की स्थिति देखी जावे तो वह खुद अग्रेजी नही जानते है। मगर बच्चों को अग्रेजी पढ़ाने की बात करते है? जिन गांवों के अधिकांश निवासी ए बी सी डी नही जानते, उनमें नेटवर्क फैलाकर ये निजी स्कूल अंग्रेजी शिक्षा का महत्व बताकर अभिभावकों को जाल मंल फंसा लेते है और बच्चों के दाखिले के बाद शुरू हो जाती है वह अभिभावकोंके शोषण की कहानी जिसका पूरे साल अंत नहीं होता? उल्लेखनीय है कि महंगाई के इस दौर में किताबों, कापियों, बच्चों को गणवेश तथा अन्य शालेय सामग्री के दामों में इजाफा होने से बैसे ही बच्चों को शिक्षित कराने में अभिभावक परेशान रहते है और ऊपर से गांवों में आयी निजी स्कूलों की बाढ़ से शिक्षा-व्यवस्था और गड़बड़ होती चली जा रही है। इस सब में मजेदार तथ्य है कि जहां एक तरफ अंग्रेजी मीडियम स्कूल चमचमाते इश्तहार तथा विज्ञापन प्रकाशित कर शासकीय स्कूलों से अभिभावकों को मोह भंग करते हुए अपना तामझाम फैला रहे है। वही जिले के शिक्षा विभाग की तरफ से शासकीय शालाओं की व्यवस्थाओं के संबंध में ऐसा कोई प्रचार अभियान नहीं चलाया जा रहा है, जो शासकीय शालाओं के प्रति अभिभावकों में अनुराग जाग सके। यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गांव गांव अंग्रेजी माध्यम से चल रही शिक्षण संस्थाओं के हाल इस तरह बने हुये है कि किराना दुकानों की तरह उन्होनें अपनी संस्थाओं को सजा तो लिया गया है। मगर शिक्षण संस्था को संचालित करने के नियमों का पालन होने के नाम पर बडे पदों पर विराजमान अधिकारियों द्वारा माँ लक्ष्मी का पूजन के माध्यम से अनुमति प्राप्त करते हुये खुलेआम अभिभावकों की जेबों पर डाका डालने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।

## कुछ साल पहले पुराने जर्जर स्थिति में पहुंच चुके पुल के भरोसे बनाई गई 76 करोड़ की सूखाखैरी बारहाबड़ा सीमेन्ट सड़क की गुणवत्ता पर जांच की उठाई जा रही मांग

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** जिस प्रकार से इस समय लगभग 76 करोड़ रूपया की लागत से निर्मित होने जा रही समीपस्थ ग्राम सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुए सालीचौ पौड़ार तिरहा तक सीमेन्ट सड़क की सच्चाई निर्माण के शुरूआती तौर से ही चर्चा का विषय बनी हुई देखी जा रही थी? क्योंकि इस सीमेन्ट सड़क निर्माण में अपनाई जा रही गुणवत्ता पर भी अनेक प्रकार के सबाल खड़े होते हुए दिखाई देने के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा जिस प्रकार से सच्चाई को नजर अंदाज किया गया है वह निश्चित ही अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की सच्चाई तो बीते हुए वर्ष उस समय देखने मिल चुकी थी जब ग्राम बारहाबड़ा के पास निर्माणाधीन एक पुलिया निर्माण के दौरान ही धराशाही हो जाने के कारण उसमें काम करने वाले कुछ लोगों को चोटे भी आई हुई थी। इस प्रकार से निर्माण के दौरान धराशाही हुई पुलिया ने जहां सड़क निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सबाल खड़े कर दिये गये थें, वही दूसरी ओर इस सड़क के निर्माण को लेकर जहां निर्माण कार्य करने वाले एजेन्सी द्वारा सूखाखैरी के पास सड़क के आस पास लगे हुए हरे भरे वृक्षों की कटाई करते हुए उनका नामो निशान ही मिटा डाला गया था। मगर इसके बाद भी इस ओर किसी के द्वारा ध्यान देना उचित नही समझा गया था? वही दूसरी ओर सड़क निर्माण में उपयोग किये जाने वाली रेत को लेकर भी अनेक प्रकार की चर्चाए शुरूआती तौर से ही सुनाई देने से नही चूक पाई थी, इतना ही नही यदि 76 करोड़ रूपया की लागत से बनने वाली इस सड़क की सच्चाई पर गौर किया जावे तो सड़क निर्माण के दौरान सूखाखैरी से बारहाबड़ा होते हुये सालीचौका के बीच सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य करने के साथ साथ बीच में पड़ने वाली पुलियों का निर्माण कार्य भी इसी में शामिल होने की चर्चा सुनी जा रही है? मगर पता नही इस सीमेन्ट सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा पुल व पुलियों के निर्माण कार्य में कोताही बरती जिसके चलते इस सड़क का भविष्य अपने आप ही उजागर होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि सड़क निर्माण का कार्य के समय पुराने पुल व पुलियों के भरोसे ही पूर्ण किया जाना संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा था, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ग्राम बारहाबड़ा के समीप दूधी नदी पर बने हुये पुल को वर्षो बीत जाने के कारण वह जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये दिखाई दे रहा है। मगर इस जर्जर स्थिति में पहुंचते हुये पुल का निर्माण करने की जगह कंपनी द्वारा इसी पुल के भरोसे इस सड़क का निर्माण कार्य करना निश्चित ही क्षेत्र की जनता को इस सड़क के निर्माण से कोई लाभ नही मिलने की संभावना को स्पष्ट करते हुये जान पड़ने से नही चूक पा रहा है? बताया जाता है कि बारहाबड़ा के पास 24 जून 2008 को इस पुल का निर्माण हुआ है, जिसके चलते उस समय भी पुल के निर्माण कार्य के उपरांत इस पुल के पास किसी भी प्रकार से एपरोच रोड का निर्माण नही होने से पुल के महत्व पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाये थें। वही दूसरी ओर इस समय पुल के ऊपर से निकल रही लोहे की राडे निश्चित ही पुल के जर्जर होने की सच्चाई को उजागर करते हुये देखी जा रही थी मगर कंपनी द्वारा उन्ही की लीपापोती करते हुये अपने कार्य को अंजाम देने की सच्चाई को लगातार उजागर किये जाने के बाद भी क्षेत्र के जिम्मेदारों द्वारा जिस तरह चुप्पी साधी जाने के साथ साथ अधिकारियों की भूमिका को भी कटघरे में खड़ा कर दिया गया है? क्षेत्र के लोगों का कहना है कि कि जब इतनी बड़ी राशि से सीमेन्ट सड़क का निर्माण कार्य हुआ है तो फिर पुल सहित नई पुलियों का निर्माण क्यों नही किया गया है। क्योंकि इस मार्ग पर पड़ने वाला इस पुल के आलवा अन्य पुलिया जर्जर स्थिति में पहुंच चूकी है जिसके चलते यदि उन्ही पुराने पुल व पुलियों के भरोसे सड़क का निर्माण कार्य किया गया तो इस सड़क के निर्माण का महत्व अपने आप ही समाप्त होने होने से नही बच पाया है तथा इस सड़क के निर्माण कार्य को अभी मात्र दो वर्ष का समय भी पूरा नही हो पाया।

## खबर संक्षेप

### तेज रफ्तार वाहन की ठोकर से मादा चीतल की मौत

**अनूपपुर।** सोमवार की शाम शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य किरर गांव के सजहा टोला में अज्ञात बड़े वाहन की ठोकर से मादा चीतल की मौत की सूचना पर वनविभाग के द्वारा कार्यवाही की गई तथा अज्ञात वहां के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि सोमवार की शाम शहडोल-अमरकंटक मुख्य मार्ग के मध्य स्थित किरर गांव के सजहा टोला के वेयरहाउस के पास जंगल की ओर से विचरण करती हुई तीन वर्ष के लगभग उम्र की मादा चीतल मुख्य मार्ग को पार कर रही थी तभी किरर घाट से उतर कर सकरा की ओर जा रहा अज्ञात बड़ा वाहन के चालक की लापरवाही के कारण चीतल वाहन से टकरा जाने पर गंभीर रूप से घायल मादा चीतल की स्थल पर ही मौत हो गई घटना की जानकारी एक अधिकारी द्वारा वनविभाग को दिए जाने पर वनविभाग का मैदानी अमला तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृत मादा चीतल के शव को अपनी अभिरक्षा में लेते हुए रात समय होने पर सुरक्षित रखकर मंगलवार की सुबह पशु चिकित्सक से पी,एम,की कार्यवाही कराते हुए वरिष्ठ वन अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया

### तहसील कार्यालय प्रवेश द्वार के सामने टूटी नाली, दुर्घटना की आशंका

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के तहसील, एसडीएम, उपपंजीयक तथा लोकसेवा केंद्र कार्यालयों मे जाने के लिए मुख्य मार्ग से जानें वाले रास्ते के किनारे निर्मित नाली का ऊपरी स्लैब विगत काफी दिनों से टूट जाने के कारण यह जानलेवा गड्ढा साबित हो सकता है। क्योंकि कार्यालय गेट के अंदर प्रवेश करने वाले मार्ग पर ही यह गड्ढा स्थित है, जहां से लोग पूरे दिन पैदल और वाहनो का प्रवेश भी होता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि उसी गड्ढे के ऊपर से प्रतिदिन संबंधित कार्यालयों के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित अधिवक्ताओं का आवागमन भी होता है, फिर भी किसी का ध्यान इस गड्ढे की ओर नहीं जाता। ऐसे मे मुख्य मार्ग पर ऐसी जानलेवा गड्ढा स्थित कायम रहना जिला मुख्यालय सहित प्रशासन के जवाब देही को प्रदर्शित करता है।इसलिए सही समय पर शासन को चाहिए को उक्त गड्ढे की जल्द से जल्द मरम्मत कराए जिससे किसी भी व्यक्ति के साथ कोई अप्रिय घटना घटित न हो सके।

### हिंदुस्तान पावर ने स्वच्छ पेयजल के लिए उपलब्ध कराये वाटर कूलर

**जैतहरी।** हिंदुस्तान पावर के सीएसआर विभाग ने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी से लगे स्थानीय क्षेत्रों में स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की सुविधा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 वाटर कूलर उपलब्ध कराए हैं। इन स्थानों में तहसील कार्यालय, जैतहरी, वार्ड क्रमांक 6 चौक, जैतहरी, मिनी चौपाटी, वार्ड नंबर 7, जैतहरी, शासकीय मॉडल स्कूल, मुर्रा, जैतहरी, कन्या शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी, शासकीय कन्या परिसर, जैतहरी, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय, टकहोली, शासकीय प्राथमिक विद्यालय, अमगंवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अमगंवा, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, चांदपुर, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, क्योंटार, शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, धनगंवा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चौलना, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चोलना जैसे सार्वजनिक स्थान शामिल हैं। इस पहल का मकसद ग्रामीण समुदायों, शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छ पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे स्थानीय नागरिकों एवं विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को, और अन्य आवागमन करने बालें राहगीरों को, विशेष रूप से गर्मी के मौसम में राहत मिल सके। वितरण कार्यक्रम शासकीय मॉडल स्कूल, मुर्रा लहरपुर में आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के अध्यापकगण के साथ साथ कंपनी के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे, जिनमें सी एस आर विभाग के प्रमुख सत्यम सलील और एक अन्य अधिकारी विकास राय उपस्थित रहे।

## बेटे के नाम फर्जी फर्म बना कर पंचायती खजाने से हेराफेरी

# ग्रामीणों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

जनपद पंचायत करंजिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर में विकास कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला सामने आया है।

डिण्डौरी ।



ग्रामीणों ने जनसुनवाई में पहुंचकर सरपंच श्रीमती सुकवरिया बाई और उनके पति लाल सिंह उईके पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार किया गया है और सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है।

### -भ्रष्टाचार के आरोप और अनियमितताएं

**पुलिया निर्माण** – ग्राम में रमेश के घर के सामने 4.25 लाख रुपये की लागत से पुलिया निर्माण स्वीकृत हुआ था, लेकिन 3.77 लाख रुपये खर्च होने के बावजूद पुलिया अधूरी छोड़ दी गई। घटिया सामग्री के कारण पुलिया पहले ही फट गई। मूल्यांकन किए बिना राशि आहरित कर ली गई।

**सीसी रोड निर्माण** – चौराहा से चरण के घर तक 6.67 लाख रुपये स्वीकृत थे, लेकिन 6.89 लाख रुपये खर्च कर दिए गए। इसके बावजूद कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

**पंचायत भवन निर्माण** – 15 लाख रुपये की स्वीकृत राशि में से केवल 5 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन कार्य अब तक प्लिंथ स्तर तक ही सीमित है। ग्रामीणों ने मांग की है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए।

**नीलगिरी पेड़ों की नीलामी** – पंचायत क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की नीलामी से प्राप्त 2.62 लाख रुपये का उपयोग निजी स्वार्थ में किया गया। अभी तक यह राशि पंचायत के खाते में जमा नहीं कराई गई है।

**फर्जी फर्म के जरिए घोटाला** – सरपंच ने अपने बेटे के नाम पर "पीयूष ट्रेडर्स" नामक फर्म बनाकर इसका संचालन सरपंच पति लाल सिंह उईके को सौंप दिया। पंचायत कार्यों की अधिकांश भुगतान राशि इसी फर्म के जरिए निकाली गई, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया।

### ग्रामीणों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

जनसुनवाई में पहुंचे ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। सरपंच और उनके पति पर लगे इन गंभीर आरोपों के बाद प्रशासन की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच में क्या खुलासे होते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।



#### सीएम मोहन यादव के जन्मदिवस पर उप स्वास्थ्य केंद्र समनापुर में मरीजों को फल वितरण

## एक्सरे मशीन को शीघ्र चालू कराने भाजपा जिला अध्यक्ष नेताम ने आश्वासन दिया

डिण्डौरी ।

प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय मोहन यादव जी के अवतरण दिवस के शुभ अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्र समनापुर में मरीजों को फल वितरित किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य केंद्र की विभिन्न समस्याओं की जानकारी ली गई। एक्सरे मशीन को शीघ्र चालू कराने हेतु भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जी ने आश्वासन दिया।कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, मंडल अध्यक्ष समनापुर शिवराम राजपूत, डिंडौरी मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, बम्हनी मंडल अध्यक्ष हेमसिंह राजपूत, महामंत्री भारत राजपूत, वरिष्ठ नेता जयसिंह राजपूत, सरमन ठाकुर, हेतराम मिश्रा, अशोक संत, गोरा राय, मदन राय, अशोक शर्मा, थाना प्रभारी धूमकेती एवं डॉ. कुशरे सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्र के सुचारू संचालन और मरीजों की बेहतर सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने केंद्र की व्यवस्थाओं को सुधारने का भरोसा दिलाया।

## जनसुनवाई में प्राप्त 62 आवेदनों की हुई सुनवाई

डिण्डौरी ।



कलेक्टर ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं से संबंधित 62 आवेदन प्रस्तुत किये गए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया,उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम डिंडौरी भारती मेरावी, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में ग्राम कंचनपुर माल निवासी आवेदक राकेश कुमार बनवासी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि, मनरेगा योजना के तहत कंटूर ट्रेंच निर्माण में किये गये चार सप्ताह की मजदूरी का भुगतान नहीं किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने संबंधित अधिकारी को मजदूरी भुगतान कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से ग्राम बसनिया निवासी दयाल सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनके घर बिजली के कनेक्शन पर डबल बिल आ रहा है, उन्होंने बिजली बिल में सुधार कराने की मांग की है। ग्राम पंचायत खाम्हा माल निवासी गोंविद सिंह गौतम ने सिंचाई के लिए कूप निर्माण कराने की मांग की। केवलारी के समस्त ग्रामवासियों ने प्राथमिक शाला केवलारी के जर्जर भवन को दुरुस्त कराने, ग्राम लालपुर निवासी सम्हर सिंह अपनी पुत्री की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर सहायता राशि की मांग, जमुनादास टांडिया पूर्व अंकेक्षण सत्यापन कार्यकर्ता ने आज जनसुनवाई में कलेक्टर के समक्ष उपस्थित होकर पुनः ग्राम पंचायत के मनरेगा योजना सामाजिक अंकेक्षण सत्यापन कार्य पर रखने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया।

ग्राम पंचायत पडरिया और मोहदा के बीच पुल छोटा होने के कारण बाढ़ आ जाती है, जिससे ग्रामवासियों और स्कूल के बच्चों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है, ग्रामवासियों ने पीडब्लूडी द्वारा समस्या का समाधान करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने आज जनसुनवाई में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का प्राथमिकता से निराकरण करने के लिए संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग,श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल भूमि सीमांकन प्रधानमंत्री आवास योजना प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना उपचार सहायता आदि के संबंध में आवेदन प्राप्त हुए।

## भारतीय किसान संघ की कार्यालय शहपुरा में संपन्न हुई बैठक



डिण्डौरी ।

भारतीय किसान संघ बैठक की शुरूआत भारत माता बलराम भगवान के चित्र पर तिलक वंदन पूजन कर बैठक प्रारम्भ किया गया। सर्व प्रथम विगत दिवस तहसील शहपुरा में 30 दिसम्बर 2024 को विशाल ट्रेक्टर महा रैली किया गया था जिसमें जिले की विभिन्न प्रमुख समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री जी के नाम पर ज्ञापन सौंपा गया था। इसमें प्रमुख मांगो पर शहपुरा मे 132 के.वी. सब स्टेशन दनदना जलाशय की पक्की नहर निर्माण एवं जिलों की नहरों की मरम्मती करण,धान मे चार हजार प्रति हेक्टेयर बोनस एवं गेहूँ मे 175/- प्रति क्विंटल बोनस देने पर भारतीय किसान संघ जिला धन्यवाद प्रेषित करता है। इस बैठक मे प्रांत संगठन मंत्री द्वारा संघ की कार्य योजना को अंतिम छोर के किसानों तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई जिससे सभी गांव के किसानों की समस्याओं को प्रशासन के समक्ष लाया जा सके। संगठन विस्तार को लेकर एवं ग्राम, तहसील एवं जिला के सदस्यों की अभ्यास वर्ग/ प्रशिक्षण की जाएगी। संघ प्रचारक नैनसुख जी भाईसाहब ने भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अनवरत जन अभियान - 2025 पर अपना वक्तव्य रखा जिसमें आगामी 30 मार्च से 30 अप्रैल तक होने वाले गांव स्तर पर भूमि माता-गौमाता-वृक्ष पूजन कार्यक्रम की जानकारी विस्तार से दिया गया।



## प्रद्युम्न के शानदार दोहरे प्रदर्शन की बदौलत युवा क्रिकेट क्लब की झरना घुघरी पर शानदार जीत

**अमरपुर।** जनपद पंचायत अमरपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पिंडरूखी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच झरना घुघरी एवं युवा क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए युवा क्रिकेट क्लब ने प्रद्युम्न के शानदार 37 रनों की पारी खेली। प्रद्युम्न के अलावा अपने टीम के लिए जयदीप ने 14 रनों की नाबाद पारी खेलकर निर्धारित 8 ओवर में 95 रन बनाकर 96 रनों का लक्ष्य झरना घुघरी के सामने जीत के लिए रखा। झरना घुघरी की ओर से गेंदबाजी करते हुए जीतेन्द्र एवं अनिल ने 2, 2 विकेट अपने नाम किए। झरना घुघरी टीम 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी परंतु शुरुआत अत्यंत खराब रही। उनके 3 बल्लेबाज 20 रन के अंदर ही पवेलियन लौट गए। झरना घुघरी की पूरी टीम निर्धारित 8 ओवर में मात्र 65 रन ही बना सकी। झरना टीम की ओर से जीतेंद्र ने 20 रन, निरंजन 11 रन एवं अनिल ने 10 रनों की पारी खेली। युवा क्रिकेट क्लब की तरफ से प्रद्युम्न ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2 विकेट, अक्षय और जयदीप ने 1, 1 विकेट अपने नाम किए। इस जीत के साथ युवा क्रिकेट क्लब ने दूसरे राउंड में प्रवेश किया।

## कोल माफिया कोयला खदान में खेल रहा काला खेल



### रामपुर बटुरा खुली खदान में 'रोड सेल' के नाम पर लूट

### पांच हजार प्रति ट्रक की चल रही वसूली

**अनूपपुर।** कोयला खदानें केवल ऊर्जा का स्रोत नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और माफियागिरी का अड्डा बन चुकी हैं खनन क्षेत्र में यदि ईमानदारी की लौ जलती भी है तो उसे काले धुएं में दबा दिया जाता है अनूपपुर जिले की एसईसीएल सोहागपुर एरिया रामपुर बटुरा खुली कोयला खदान (OCM) में इन दिनों एक संगठित लूट का तंत्र चल रहा है जहां रोड सेल के नाम पर पांच हजार प्रति ट्रक की अवैध वसूली की जा रही है। यह अवैध कारोबार किसी एक स्तर पर नहीं, बल्कि गेटकीपर से लेकर जीएम तक का हिस्सा तय है। कोयले के इस काले खेल के पीछे ट्रांसपोर्टर, लोडिंग इंचार्ज, रोड सेल इंचार्ज, कांटा घर के कर्मचारी, मैनेजर और ऊंचे पदों पर बैठे सफेदपोशों का गठजोड़ है ट्रकों को कोयला तभी मिलता है जब मोल-भाव पूरा हो जाता है जो जितना देता है उसे उतनी ही बेहतर गुणवत्ता का कोयला मिलता है और जो नहीं देता उसका रास्ता बंद कर दिया जाता है एसईसीएल के सोहागपुर एरिया रामपुर बटूरा खुली खदान में

### संगठित लूट हैंड लोडिंग से खुली कोयला खदान में खेल

रामपुर खुली खदान में हैंड लोडिंग पूरी तरह प्रतिबंधित है खदानों से निकला कोयला उसी ग्रेड में डीईओ धारकों (Direct E-auction Holders) को मिलना चाहिए, जिसके लिए नीलामी हुई है। लेकिन सच्चाई इससे उलट है।

## खबर संक्षेप

### ज्योति कलश यात्रा का जोरदार स्वागत



**तेंदूखेड़ा।** देवीय युग निर्माण योजना व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण को धरती पर उतारने हेतु शांति कुंज हरिद्वार में लगभग 100 वर्षों से जल रहे अखंड दीप की प्रेरणा और सानिध्य में भारतीय संस्कृति के आधार भूत तत्वों की पुर्नस्थापना को लेकर संपूर्ण भारत के गांव गांव में ज्योति कलश यात्रा पहुंच रही है। यात्रा तेंदूखेड़ा क्षेत्र में गाडरवारा सड़क मार्ग से ककरा घाट पहुंचने पर गायत्री परिजनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।यह यात्रा 25 मार्च से 30 मार्च तक तेंदूखेड़ा क्षेत्र के ग्वारी टेकापार ढिलवार मदनपुर पीपरवानी तेंदूखेड़ा कठोतिया खेरुआ काचरकोना छत्तरपुर करहैया बारह सिमरिया बिल्थारी कढैली इमलिया नौरंगपुर काशीखैरी बरकुंडा मानकपुर बिजोरा अमथनु राजमार्ग में भ्रमण करेगी। जगह-जगह दीप यज्ञ विचार गोष्ठियां आयोजित की जायेगी।

### श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान 29 से

**तेंदूखेड़ा।** श्री 1008 चिंतामणि पार्श्वनाथ जिनेंद्र प्रभु की असीम अनुकंपा से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से श्री दिगम्बर जैन मंदिर परिसर तेंदूखेड़ा में आगामी 29 मार्च से श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान का आयोजन किया जा रहा है। ब्रह्म विनय भैया के मार्गदर्शन में विधानाचार्य ब्रह संजीव भैया नगर गौरव मनीष भैया एवं पं कमल कुमार शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। ध्वजारोहण पूर्व वित्तमंत्री विधायक जयंत मलैया के द्वारा संपन्न होगा।29 मार्च को सुबह घटयात्रा ध्वजारोहण मंडप शुद्धि 30 मार्च से 4 अप्रेल तक पात्र सुद्धि सकलीकरण नित्यमह 5 अप्रेल को अभिषेक शांतिधारा विधान तथा श्री जी की विशाल शोभायात्रा रात्रि में महाआरती मंगल प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।विधान के मुख्य यजमान डा प्रकाश जैन परिवार है।

### करेंट लगने से मौत

**तेंदूखेड़ा।** मंगलवार को दोपहर के समय नगर के प्रतिष्ठित सोनी परिवार के वरिष्ठ सदस्य सीताराम सोनी करेंट की चपेट में आ जाने से दुखद निधन हो गया। करेंट कैसे और कब लगा जब पड़ोसियों ने धूप पड़ा देखा तो परिजनों को सूचना दी।

### तेंदूखेड़ा क्षेत्र के 9 परीक्षा केंद्रों पर हुई परीक्षा

**तेंदूखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा घोषित किये गये वार्षिक परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार फरवरी माह के आखिरी सप्ताह से परीक्षायें प्रारंभ हुई। जो मार्च माह के अंतिम सप्ताह तक निर्विध्न संपन्न हुई। तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नौ परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में 09परीक्षार्थी और हायर सेकंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। लगभग सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के साथ परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा ना हो को दृष्टिगत रखते हुए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए गए थे कन्या विद्यालय केंद्र में बैठेंगे सर्वाधिक छात्राएं बैठीं थीं। तहसील मुख्यालय पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेंदूखेड़ा क्षेत्र का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र रहा। इन परीक्षा केंद्रों में शासकीय प्राइवेट स्कूलों के छात्र छात्राएं भी शामिल हुए।सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम रहे।

### अज्ञात कारणों से व्यक्ति ने खाया जहर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस व्यक्ति द्वारा जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैयाराम पिता कल्याण नौरिया उम्र 45 वर्ष निवासी रातीकरार थाना करेली द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## कलेक्टर से इच्छा मृत्यु की मांग

# वृद्धा ने कलेक्टर चौखट पर पीटा माथा





### राजस्व से जुड़ा है मामला

**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सरकार द्वारा लोगों को बेहतर सेवाएं प्रदान कराने के लिए प्रशासनिक अमले को तैनात किया गया है। जिससे जिले मे लोगों को बेहतर प्रशासन व्यवस्था मिल सके। लेकिन जिले मे लोगों को बेहतर शासन की सुविधाएं मिल रही है इसका नजारा गत दिवस देखने को मिला। जबकि जिले की राजनीति प्रदेश तक दखल रखती है। उसके बाद भी जिले के निवासियों द्वारा जिले न्याय के लिए कलेक्टर के सामने माथा पीटना पड़ रहा है। पीड़िता द्वारा राजस्व विभाग के साथ - साथ पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लग दिया। वही मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट हो चुका है।

### मामला इस प्रकार

मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में 92 वर्ष की वृद्ध महिला द्वारा कलेक्टर कार्यालय की चौखट पर माथा पीटकर कलेक्टर से न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता कुंज कुंवर बाई द्वारा दहलीज पर सिर पटक कर इच्छामृत्यु की मांग की। उनका आरोप है कि उनकी कृषि भूमि पर कब्जा और फसल चोरी की घटनाओं पर प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा, वहीं पुलिस वाले कहते हैं कि मर जाओ। गाडरवारा तहसील के ढुटी गांव में रहने वाली कुंजकुंवर बाई और उनके साथ आए भागीरथ प्रसाद पटेल ने बताया कि वे पहले भी प्रशासन को कई बार पत्र लिखकर अपनी समस्या बता चुके। उनका कहना है कि न्यायालय के आदेश के अनुसार, उनके पास कुल 8.70 एकड़ भूमि है, जबकि विपक्षियों को मात्र 1.80 एकड़ जमीन मिली है। इसके बावजूद आरोपियों ने उनकी 5 एकड़ जमीन की फसल जबरन काटकर ले ली। अब बाकी 2 एकड़ गेहूं की फसल पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### दहलीज पर सिर पटक कर हाथ जोड़े

महिला का आरोप है कि जब उन्होंने फसल चोरी की शिकायत सिहोरा पुलिस चौकी में दर्ज कराई, तो वहां संतोष नाम के पुलिस वाले ने उन्हें कहा कि मर जाओ, वहीं अब तक मामले में कोई जांच नहीं हुई। आरोपियों ने पहले भी उनके कृषि उपकरण और सिंचाई पाइप चोरी किए थे, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। कुंज कुंवर बाई का कहना है कि उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। 1 मार्च को उनका ट्रैक्टर रोककर खेती करने से मना कर दिया गया। आरोपियों ने स्पष्ट कहा कि यदि वे फसल काटने की कोशिश करेंगी तो उनकी जान ले ली जाएगी। कुंजकुंवर बाई ने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि उनकी कृषि भूमि का सीमांकन तत्काल कराया जाए और उन्हें उनकी फसल काटने की सुरक्षा दी जाए। अन्यथा उन्हें इच्छा मृत्यु की स्वीकृति दी जाए। इस पूरे मामले में कलेक्टर शीतला पटले ने कहा कि हमने आवेदन लिया है और संबंधित अधिकारी से मामले की जांच कराई जाएगी।

### कलेक्टर ने कहा पीड़िता को दिलाएंगे हक

उक्त मामले को कलेक्टर श्रीमती शीतल पटले द्वारा बताया गया कि पीड़िता की शिकायत प्राप्त हुई है पीड़िता को उसका हक दिलाया जावेगा। यदि उसके लिए हम पुलिस की मदद लेनी की आवश्यकता होती तो पुलिस से भी कार्रवाई कराई जावेगी। मामला राजस्व विभाग से जुड़ा होने के कारण प्रथम दृष्टया कार्रवाई राजस्व विभाग से काराई जावेगी। अब देखना होगा कि जिला प्रशासन द्वारा उक्त संबंध में क्या ठोस कदम उठाये जाते है क्योकि राजस्वा विभाग के ऐसे अनेको मामले है जिनमे पीड़ति कई वर्षो से प्रशासन की चैखट पर ऐड़ियां रगड़ रहे हैं परन्तु उन्हे न्याय नही मिल पा रहा है।

### पीड़िता को दिया रक्त




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस निजी अस्पताल मे उपचारत महिला को रक्त की आवश्यकता पड़ने पर धर्मेन्द्र कुमार द्वारा रक्तदान किया गया। बताया गया कि महिला को ऑपरेशन के लिए रक्त की आवश्यकता थी तथा ओ पॉजिटिव रक्त की व्यवस्था नही हो पा रही थी जिसे लेकर परिजन परेशान थे। उक्त मौके पर अजाक्स संघ से रंजीत कुमार चैधरी तथा घनश्याम जाटव मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में हिरण की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस वन परिक्षेत्र करेली अंतर्गत नेशनल हाईवे-44 पर बरमान के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से हिरण की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही वन विभाग द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की गई। वन विभाग द्वारा शव को कब्जे मे लेकर शव का परीक्षण कराकर अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग के अधिकारियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है। फिलहाल दुर्घटना में शामिल वाहन और उसके चालक फरार हैं जिनकी पहचान नहीं हो पाई है। अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।



## किसानों की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस भारतीय किसान संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। संघ ने किसानों की दो प्रमुख समस्याओं को लेकर प्रशासन से मदद मांगी है। ज्ञापन मे बताया गया है कि रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना की बायीं तट नहर जबलपुर से नरसिंहपुर तक सिंचाई का मुख्य स्त्रोत है। प्रशासन इस नहर को 15 अप्रैल से 15 जून 2025 तक बंद करने की योजना बना रहा है। किसान संघ का कहना है कि इससे ग्रीष्मकालीन फसलों को नुकसान होगा। संघ ने नहर को 30 मई 2025 तक चालू रखने की मांग की है। किसान संघ ने केसीसी भुगतान की समय सीमा बढ़ाने की भी मांग की है। वर्तमान में यह तिथि 28 मार्च है। संघ चाहता है कि इसे 30 अप्रैल तक बढ़ाया जाए। कई किसानों की उपज अभी मंडियों में नहीं बिकी है। ऐसे में वे डिफॉल्टर हो सकते हैं। उन पर दंड ब्याज लगने का खतरा है। गन्ना किसानों को भी भुगतान नहीं मिला है। किसान संघ ने जिला प्रशासन से इन समस्याओं का जल्द समाधान करने की मांग की है। इससे किसानों को राहत मिल सकेगी।




### दुष्कर्म के आरोपी को दोहरा आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस न्यायालय, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे के न्यायालय द्वारा बालिका के साथ छोटे दादा द्वारा अपने घर की दहलान में ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को दोषी सिद्ध पाते हुए धारा- 5(द)/6, धारा 5(उ)/6 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश आजीवन कारावास (शेष प्राकृत जीवनकाल के लिए) एवं 5000 - 5000- जुर्माना तथा भारतीय न्याय संहिता की धारा 137(ख)/2 में 05 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000- जुर्माना से दंडित किया गया। अभियोक्त्री की उक्त रिपोर्ट पर आरक्षी केन्द्र गाडरवारा में अपराध क्रमांक 1242/2024 पर बी.एन.एस. की धारा, 137(2), 64(2)(एफ), 65(2), 351(3) एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5(उ)/6, 5(द)/6 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अभियोक्त्री का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। अनुसंधान के दौरान अभियोक्त्री एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये एवं जप्ती कार्यवाही उपरांत आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा अन्य आवश्यक अन्वेषण एवं कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### आनंद विभाग द्वारा विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिला जेलर श्री स्वामी की उपस्थिति में राज्य आनंद संस्थान की मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा एवं मुक्ति राय द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ ईश प्रार्थना इतनी शक्ति हमें देना दाता से किया गया। इसके पश्चात दोनों मास्टर ट्रेनर द्वारा आनंद विभाग की बुकलेट, बुके एवं मोमेंटो देकर जिला जेलर आदरणीय स्वामी सर का अभिनंदन किया गया। मास्टर ट्रेनर यमुना विश्वकर्मा द्वारा खुशहाली दिवस मनाए जाने के उद्देश्य , खुशहाली दिवस की प्रस्तावना, एवं आनंद विभाग का परिचय मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय द्वारा रखा गया। सबसे पहले महिला बंदी साथियों के परिचय, उनके बचपन के नाम जानकर वातावरण को सहजता प्रदान करने का प्रयास किया उनके जीवन की चिंताएं वो केसे प्रभाव के दायरे में लावे इस पर विस्तृत चर्चा की गई और किस तरह प्रार्थना के माध्यम से वह अपने मन को शांत रख सकती है, इस पर भी विस्तार से वार्तालाप किया। बहुत ही बोझिल मन सजल नेत्रों से अपने जीवन के कड़वे अनुभव को सांझा करते हुए जीवन को स्वीकार्यता प्रदान की और जीवन की वर्तमान परिस्थितियों को स्वीकार करते हुए खुशी और आनंद को जीवन में लाने की प्रयास करने की कोशिश का शुभारंभ एवं निरंतर अल्पविराम लेकर स्वयं में सुधार की। शुरुआत की गई। खुशहाली दिवस पर जलेबी रेस कुर्सी रेस एवं रिंग गतिविधियों की गई जिनमें महिलाओं को खुशी मिली और बचपन की कुछ यादें आई और कहीं ना कहीं उनके जीवन में चल रही उथल-पुथल और चिंता को थोड़ी हद तक दूर करने का प्रयास किया गया।

### श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था का मिलन कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था द्वारा गायत्री शक्ति पीठ चिनकी उमरिया में विगत दिवस अनौपचारिक मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा के पूजन से की गई। तत्पश्चात सह भोज किया गया। सहभोज में सभी साधकों ने विभिन्न प्रकार की व्यंजनों का लुफ्त उठाया। चर्चा में सत्संग की सूची, अभ्यास वर्ग जैसे बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जय नारायण शर्मा, श्रीमती रंजना शर्मा एवं यमुना विश्वकर्मा द्वारा विभिन्न प्रकार के शारीरिक एवम बौद्धिक खेल खिलाए गए। कार्यक्रम का समापन, समापन गीत एवं कल्याण मंत्र से किया गया। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ चिनकी से मुकेश पटेल, गुलजार पटेल, अनुराग पटेल, हरिराम लोधी, राधेश्याम मलाह, लखन लोधी सहित श्रीगीता निकुंज परिवार से उपस्थित साधकों में शशिकांत मिश्र, जय नारायण शर्मा, राजेंद्र नेमा, अशोक नेमा, कैलाश सोनी, शिवराज रैकवार आदि की उपस्थिति रही।

### दो बालिकाओं ने खाई जहरीली वस्तु

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम करकबेल में दो बालिकाओं द्वारा खेलते समय अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया। पुलिस ने बताया रूबी पिता अमित कोल उम्र 9 वर्ष एवं अंशिका पिता अनिल कोल उम्र 10 वर्ष दोनो निवासी करकबेल तालाब के पास खेल रही थी तभी अज्ञात जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया गया जिससे हालात बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचारी जारी है।

### जिला चिकित्सालय नसबंदी शिविर 28 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में माह मार्च 2025 में महिला एवं पुरूष नसबंदी-एनएसव्हीटी एनटीटी फिक्स डे स्टेटिक सेवा स्थल चिन्हांकित किया गया है।

### जनसुनवाई में आए 105 आवेदन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 25 मार्च को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 105 आवेदन आये।



## युवा संसद में पल्लवी और पयोज का चयन




**तेंदूखेड़ा।** विकसित भारत एक देश एक चुनाव पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा नरसिंहपुर और छिंदवाड़ा जिले के दस प्रतिभागियों का चयन म प्र विधानसभा में युवा संसद हेतु हुआ है। जिसमें तेंदूखेड़ा के रचनात्मक सांस्कृतिक साहित्यिक विभिन्न सेवाभावी गतिविधियों में संलग्न रहने वाले प्रतिष्ठित मोदी परिवार के महीष मोदी के सुपुत्र पयोज मोदी एवं पुत्री कु पल्लवी का चयन युवा संसद के रूप में हुआ है इन दोनों प्रतिभागियों का मप्र की विधानसभा में उद्बोधन होगा। तेंदूखेड़ा के लिए यह गौरव का विषय है। दोनों छात्र भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दे चुके हैं।

## एक साल से बंद पड़ा है काम

**छ माह से जली पड़ी विद्युत मोटरें**

### गांव में पेयजल आपूर्ति की बनी समस्या

**तेंदूखेड़ा।** शासन के द्वारा करोड़ों अरबों रुपए खर्च करके जल जीवन मिशन के माध्यम से नल जल योजनाओं के माध्यम से हर घर में पानी पहुंचाने की दिशा में कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इन योजनाओं पर बट्टा लगा रहे ठेकेदारों की कारगुजारियों को लेकर योजनाये अपने मुकाम तक नहीं पहुंच पा रही है।आज ग्रामीण क्षेत्रों में यह स्थिति बनीं हुई है कि पेटी पर काम देकर ठेकेदार अपनी जवाबदेही भूल बैठे हैं। लाखों रुपए की लागत से बनने वाली पानीं की टंकियों के निर्माण कार्य सालों से बंद पड़े हुए हैं। इतना नहीं गांवों में जहां तहां से सड़कें खोदकर निर्धारित मापदंडों को छोड़कर पाइप लाइनें तो डाल दी गई है लेकिन उनकी पाइप लाइन की घटिया गुणवत्ता ऊपरी सतह पर पड़े रहने के कारण जहां तहां से टूट फूट गांव की गलियों में पानी का रिसाव परेशानी का कारण बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीपी ग्राम सर्रा बंधी के सरपंच ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्रा और बंधी गांव में पानी की टंकियों का निर्माण होना है लेकिन विगत एक साल से काम बंद पड़ा होने से पेयजल आपूर्ति सीधी ट्यूबवेल के गड्ढों से ही हो रही थी लेकिन पिछले छ माह से दोनों विद्युत मोटरें जली पड़ी होने के कारण गांव में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पा रही है। आने वाली गर्मी के समय में यह समस्या और भी विकराल रूप धारण करेगी लोगों को पेयजल आपूर्ति को लेकर परेशानी होगी।

### ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व से ही बनी है समस्या

चूंकि चांवरपाठा विकास खंड के अंतर्गत लगभग सभी ग्राम पंचायतों में पानी की टंकियों का निर्माण कराया जा रहा लेकिन इनमें बहुत सी पंचायतों में निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। कहीं कहीं तो एक दो साल से काम बंद पड़े हुए हैं। यहां पर सबसे विसंगति पूर्ण स्तिथि यह बनीं हुई है कि यहां पर पी एच ई अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया जाता है।जो विकासखण्ड का केवल कागजी आंकड़ा ही रखें हुए हैं उन्हें गांवों की धरातलीय स्थिति का वास्तविक ज्ञान नहीं है। जिसका फायदा ठेकेदार उठा रहे हैं। विसंगति पूर्ण स्तिथि को लेकर स्थानीय विधायक द्वारा विगत वर्ष वरिष्ठ अधिकारियों को शिकायत दर्ज कराते हुए शीघ्र सुधार हेतु जोरदार पहल की थी।